**देश में स्थानीय रेलगाड़ियां आरम्भ करने संबंधी प्रस्ताव**

**2946. श्री सुशील कुमार संभाजी राव शिंदे** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार मुम्बई और दिल्ली की स्थानीय रेलगाड़ी व्यवस्था की तरह देश के कतिपय शहरों में स्थानीय रेलगाड़ियां उपलब्ध कराने का विचार रखती हैं ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका)** : (क) जी, हां ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) संसाधनों की तंगी के कारण ऐसा करना संभव नहीं है ।

**रेलवे में अग्रिम आरक्षण**

**2947. श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिंदे** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि काफी पहले रेल टिकट बुक कराने की प्रणाली के कारण भ्रष्टाचार और टिकट रद्द करने की समस्या बढ़ गई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार एक सप्ताह पहले आरक्षण करने की प्रणाली बनाने के विषय में विचार कर रही है ;

(ग) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका)** :

(ख) से (घ) चूंकि किए गए विश्लेषण के आधार पर यह देखा गया था कि अधिकांश यात्री 45 दिन पहले तक ही अग्रिम आरक्षण का अनुरोध करते हैं, इसलिए 1-10-93 से अग्रिम आरक्षण अवधि 60 दिन से घटाकर 45 दिन कर दी गयी है ।

**सुपर एक्सप्रेस रेलगाड़ियों के यात्रियों को बिस्तर दिया जाना**

**2948. श्री शिव प्रसाद चनपुरिया** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) निजामुद्दीन और जबलपुर के बीच चलने वाली 2411 तथा 2412 सुपर एक्सप्रेस रेलगाड़ी के वातानुकूलित सवारी डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों की मांग पर दिए जाने वाले प्रत्येक बिस्तर में प्रदत्त मदों का ब्यौरा क्या है ;

(ख) प्रति बिस्तर कितना प्रभार लिया जाता है ;

(ग) क्या ये बिस्तर रेलवे प्रदान करता है या ठेकेदार ;

(घ) ओढ़ने और बिछाने की प्रत्येक चादर की निश्चित लम्बाई और चौड़ाई कितनी-कितनी है ; और

(ङ) क्या सरकार को इस तथ्य की जानकारी है कि यात्रियों को प्रदत्त चादरों की चौड़ाई केवल दो फुट होती है ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका)** : (क) यात्रियों को सप्लाई किए जाने वाले बिस्तर के साथ एक कंबल, तकिया कवर सहित एक तकिया, एक तौलिया और दो चादरें होती हैं ।

(ख) 10 रु० प्रति बिस्तर प्रति यात्री ।

(ग) ये रेलों द्वारा सप्लाई किए जाते हैं ।

(घ) और (ङ) ओढ़ने वाली चादर का आकार 160 सें०मी० × 224 सें०मी० है और बिछाने वाली चादरें दो आकारों अर्थात् 92 सें०मी० × 224 सें०मी० और 160 सें०मी० × 224 सें०मी० में उपलब्ध हैं। रेलों से कहा गया है कि 92 सें०मी० × 224 सें०मी० माप की बिछाने वाली चादरों के वर्तमान स्टाक के समाप्त हो जाने के बाद 160 सें०मी० × 224 सें०मी० माप की बिछाने वाली चादरों की व्यवस्था करें।

**अलाभप्रद रेल लाइनें**

2949. **श्री जगन्नाथ सिंह** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रीवा-बधवार-ब्यौहारी नई रेल लाइन परियोजना को इस संबंध में करवाये गये सर्वेक्षण के अनुसार अलाभप्रद पाया गया था ;

(ख) यदि हां, तो इसे किन आधारों पर अलाभप्रद पाया गया था ;

(ग) क्या यह सच है कि सरकार ने भी अनेक अवसरों पर आदिवासी बहुल क्षेत्रों के लोगों को रेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आर्थिक दृष्टि से अलाभप्रद कतिपय परियोजनाओं को हाथ में लिया है ; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार इसी मापदंड के आधार पर उक्त रेल लाइन को स्वीकृति दिये जाने से संबंधित मामले की समीक्षा करेगी ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के०सी० लेंका)** :

(ख) प्रस्तावित नई रेल लाइन पर प्रतिफल की 7.63% की दर वित्तीय दृष्टि से अलाभप्रद होने के कारण।

(ग) केवल कुछ ही मामलों में उन क्षेत्रों में ऐसी परियोजनाएं शुरु की गई थीं जहां विकास की संभाव्यता थी।

(घ) इस परियोजना पर विचार के लिए संसाधनों की स्थिति में सुधार होने की प्रतीक्षा करनी होगी।

**ललितपुर-खजुराहो रेल लाइन का सर्वेक्षण**

2950. **श्री जगन्नाथ सिंह:** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ललितपुर-खजुराहो-सतना, खजुराहो-महोबा तथा रीवा-सीधी सिंगरौली रेल लाइन के सर्वेक्षण का कार्य अब पूर्ण हो चुका है ; और

(ख) यदि हां, तो सर्वेक्षण का क्या परिणाम निकला है ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका)** : (क) जी, नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

**Awarding of contracts without calling Tenders/Quotations**

2951. PROF. VIJYA KUMAR MALHOTRA: Will the Minister of RAILWAYS be pleaased to state:

(a) the number of contracts awarded durng 1992, 1993 and 1994 without calling for quotations|tenders, Zone-wise;

(b) what are the reasons therefor;

(c) whether there is any proposal to enquirs into the irregularities that were committed; and

(d) if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K. C. LENKA): (a) Nil.

(b) to (d) Do not arise.